पत्रांक–अ०सं०क०–08–ग–आ०वि०स्था०–11/2023 1096 /

**बिहार सरकार**

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

प्रेषक,

**इबरार अहमद खाँ**
अपर सचिव

सेवा में,

**निदेशक**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 13.02.2026

विषयः– **अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु तिथि में आंशिक संशोधन विज्ञापन प्रकाशन करने के संबध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं का निःशुल्क नामांकन किये जाने हेतु विज्ञापन सं०–PR-24060 (MWD) 2025-26 प्रकाशित है। उक्त प्रकाशित विज्ञापन में आंशिक संशोधन करते हुए पुनः नामांकन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की सामग्री (हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सहित) संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इसका प्रकाशन राज्य के प्रमुख हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू समाचार पत्रों में अतिशीघ्र कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

अपर सचिव

**बिहार सरकार**
**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

**बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

बिहार में निवासित अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) छात्र/छात्राओं के लिए संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय दरभंगा एवं किशनगंज में सत्र 2026–27 में वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला/विज्ञान संकाय) में नामांकन हेतु विज्ञापन सं०–PR-24060 (MWD) 2025-26 द्वारा आवेदन की तिथि 15.02.2026 से 15.03.2026 एवं परीक्षा की तिथि–29.03.2026 तक ऑनलाईन के माध्यम से करने हेतु निर्धारित थी।

छात्र/छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तिथि एवं अन्य तिथियों में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नरूपेण पुनः तिथियों का निर्धारण किया जाता हैः–

- आवेदन पत्र समर्पित करने की विस्तारित तिथिः– 15.02.2026 से 20.03.2026 तक
- वर्ग–09वीं एवं 11वीं (कला/विज्ञान संकाय) के फॉर्म में कला संकाय के हिन्दी/उर्दू एवं विज्ञान संकाय में गणित/जीवविज्ञान के चयन तथा किसी अन्य संशोधन करने की तिथिः–21.03.2026 से 23.03.2026
- प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथिः– 24.03.2026 से 30.03.2026 तक
- परीक्षा तिथिः– 01.04.2026
- परीक्षाफल प्रकाशन की तिथिः– 15.04.2026
- नामांकन की तिथिः–20.04.2026 से 26.04.2026 तक
- सत्र प्रारम्भ की तिथिः–27.04.2026

आवेदन करने हेतु लिंक एवं विस्तृत सूचनाएँ विभागीय बेवसाईट https://state.bihar.gov.in/minoritywelfare/CitizenHome.html पर उपलब्ध है।

(इबरार अहमद खाँ)
सरकार के अपर सचिव